उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

पत्रांकः ओ.यू. / प.प्र. / 372 / 2020 दिनांक–09–01–2020

सूचना

सूच्य है कि पूर्व में प्रेषित विश्वविद्यालय पत्रांक ओ.यू. / 135 / 2018 दिनांक 25–04–2018 द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों / प्राचार्यों / निदेशकों को सूचित किया गया था कि निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार परामर्श सत्र की समाप्ति के 03 माह के अन्दर परामर्श देयक भुगतान हेतु विश्वविद्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा बिलम्ब से प्राप्त परामर्श देयकों के भुगतान पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि गत सत्र : जनवरी 2019 (वार्षिक तथा सेमेस्टर) तथा जुलाई 2019 (सेमेस्टर) जिसकी परामर्श कक्षाएं अक्टूबर–नवम्बर, 2019 में संचालित की जा चुकी हैं, के परामर्श देयकों को भुगतान हेतु विश्वविद्यालय / प्रकोष्ठ में उपलब्ध कराये जाने की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 29 फरवरी, 2020 है।

अतः उक्त सत्र के परामर्श देयक भुगतान हेतु विश्वविद्यालय / प्रकोष्ठ में दिनांक 29–02–2020 तक अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा बिलम्ब से प्राप्त परामर्श देयकों के भुगतान पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। यह भी सूचित किया जाता है कि एक सत्र से सम्बन्धित समस्त परामर्श देयक एक ही बार में प्रेषित करें। एक ही सत्र के परामर्श देयक खण्डों / हिस्सों में प्रेषित किये जाने की दशा में भुगतान सम्बन्धी प्रक्रिया पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

09/01/2020

(डॉ. दिनेश सिंह)
प्रभारी, परामर्श प्रकोष्ठ

पृ. संख्याः ओ.यू. / प.प्र. / 372(4) / 2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त विद्याशाखा / विभाग / अनुभाग, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. कुलसचिव, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
4. श्री शहबाज अहमद, टेक्निकल ऑफिसर (वेबसाइट डेबलपर) को वेबसाइट पोर्टल तथा अध्ययन केन्द्र लॉगिन पर अपलोड करने हेतु।
5. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

09/01/2020

(डॉ. दिनेश सिंह)
प्रभारी, परामर्श प्रकोष्ठ